Bihar Board Class 8 Hindi Solutions Chapter 19 जननायक कर्पूरी ठाकुर

प्रश्न 1.
कर्पूरी ठाकुर अपने परिजनों को प्रतीक्षा करने के लिए क्यों कहते
उत्तर:
संभवतः कर्पूरी ठाकुर के परिजनों की यह आकांक्षा होगी कि कर्पूरी पढ़-लिखकर हमें गरीबी से निजात दिलायेगा। सारे सुख-साधन प्राप्त होंगे। लेकिन जननायक के लिए सम्पूर्ण देश परिवार था। उन्होंने देश की जनता को पराधीनता की बेड़ी में जकड़ा देखा जो उनके लिए असहनीय था। इसीलिए उन्होंने अपने अल्फाज में कहा था जब तक देश के प्रत्येक निवासी

को सम्मानजनक और सुविधासम्पन्न स्वाधीन जीवन-यापन का अवसर नहीं मिलेगा, तब तक मेरे परिजनों को भी प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

प्रश्न 2.
मैट्रिक के बाद उच्च शिक्षा के लिए उन्हें कहाँ और किस प्रकार जाना
पड़ता था ?
उत्तर:
मैट्रिक परीक्षा पास कर उच्च शिक्षा के लिए दरभंगा के चन्द्रधारी .मिथिला कॉलेज में दाखिला पाया जहाँ उनको प्रतिदिन पहुँचने के लिए कुछ दूर पैदल तथा 50-60 किलोमीटर दूर मुक्तापुर से दरभंगा ट्रेन से जाना-आना पड़ता था।

प्रश्न 3.
कर्पूरी ठाकुर को कौन-कौन कार्य करने में आनन्द मिलता था ?
उत्तर:
कर्पूरी ठाकुर को चरवाही करने, ग्रामीण गीत गाने, डफली बजाने तथा पीड़ितों की सेवा करने में आनन्द आता था।

प्रश्न 4.
सचिवालय स्थित कार्यालय में पहले दिन उन्होंने कैसा दृश्य देखा तथा उस पर उन्होंने क्या निर्णय लिया?
उत्तर:
1952 में जब विधायक बने थे तो कर्पूरी जी ने सचिवालय स्थित अपने कार्यालय के लिफ्ट पर लिखा देखा- "Only for Officers" यह देखकर सचिवालय में इस सामंती प्रथा को समाप्त कर आमलोगों के लिए लिफ्ट का प्रयोग करवाया।

https://www.evidyarthi.in/